सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-449**
16/10/2018

मुख्यमंत्री ने राज्य की शांति एवं समृद्धि के लिए मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना की

पटना, 16 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महासप्तमी पर्व के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति खाजपुरा, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा, दुर्गा आश्रम तथा डाकबंगला रोड स्थित नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में जाकर माँ दुर्गा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

डाकबंगला रोड स्थित पंडाल में देवी दर्शन एवं पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रा के दौर में सप्तमी के दिन मैं सभी को अपनी शुभकामनायें देता हूॅ। इस आयोजन समिति को विशेष तौर पर बधाई देता हूॅ। उन्होंने कहा कि आपस में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द्र का भाव रखना चाहिये। हम सबों को इस पर्व को भाईचारा के साथ मनाना चाहिए।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी' जी, विधायक श्री संजीव चौरसिया, नवयुवक दुर्गा संघ के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार टोनी, दुर्गा पूजा समिति के अन्य सदस्यगण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******